# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## कार्यसूची

## बारहवां सत्र

## वीरवार, 03 सितम्बर, 2026/12 भाद्रपद, 1948(शक्)

## 11:00 बजे (पूर्वाह्न)

1. **प्रश्नोत्तर:**

   (1) **तारांकित:**

   (i) स्थगित
   (ii) दिन के लिए
   } पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्न पूछे जाएंगे तथा उनके उत्तर दिए जाएंगे ।

   (2) **अतारांकित:**

   दिन के लिए } पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे जाएंगे।

2. **शून्यकाल:**

3. **कागज़ात सभा पटल पर रखे जाएगें:**

**श्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू, मुख्य मन्त्री,** निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे।

(i) बांध सुरक्षा अधिनियम 2021, अध्याय-XI विविध प्रावधान की धारा 45 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य बांध सुरक्षा संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2025-26;

(ii) भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2022-2023 (संयुक्त लेखा परीक्षा प्रतिवेदन) हिमाचल प्रदेश सरकार;

(iii) भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024 (अनुपालन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन) हिमाचल प्रदेश सरकार; और

(iv) भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025 (राज्य के वित्त पर प्रतिवेदन) हिमाचल प्रदेश सरकार।

4. विधायी कार्य:

## <u>सरकारी विधेयकों पर विचार-विमर्श एवं पारण</u>

(1) **डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री,** प्रस्ताव

| | |
|---|---|
| हिमाचल प्रदेश युद्ध पुरस्कार (संशोधन) विधेयक, 2026 (2026 का विधेयक संख्यांक 15) | करेंगे कि हिमाचल प्रदेश युद्ध पुरस्कार अधिनियम, 1972 (1972 का अधिनियम संख्यांक 9) का और संशोधन करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए। |

वे यह भी प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक को पारित किया जाए।

(2) **श्री जगत सिंह नेगी, राजस्व मन्त्री,** प्रस्ताव करेंगे कि हिमाचल प्रदेश राज्य को

| | |
|---|---|
| भारतीय स्टाम्प (हिमाचल प्रदेश द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 (2026 का विधेयक संख्यांक 12) | यथा लागू भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का अधिनियम संख्यांक 2) का और संशोधन करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए। |

वे यह भी प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक को पारित किया जाए।

(3) **श्री अनिरूद्ध सिंह, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री,** प्रस्ताव करेंगे कि

| | |
|---|---|
| हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 (2026 का विधेयक संख्यांक 11) | हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्यांक 4) का और संशोधन करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए। |

वे यह भी प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक को पारित किया जाए।

(4) **श्री विक्रमादित्य सिंह, लोक निर्माण मन्त्री,** प्रस्ताव करेंगे कि हिमाचल प्रदेश

| | |
|---|---|
| हिमाचल प्रदेश सड़क अवसंरचना संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2026 (2026 का विधेयक संख्यांक 16) | सड़क अवसंरचना संरक्षण अधिनियम, 2002 (2003 का अधिनियम संख्यांक 20) का और संशोधन करने के लिए विधेयक पर विचार किया जाए। |

वे यह भी प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक को पारित किया जाए।

5. **नियम-130 के अन्तर्गत प्रस्ताव:**

दिनांक 31.08.2026 को प्रस्तुत प्रस्ताव "**युवाओं के लिए रोजगार सन्दर्भित गारंटी के कार्यान्वयन**" पर चर्चा का उत्तर दिया जाएगा।

6. **नियम-324 के अन्तर्गत विशेष उल्लेख:**

(1) **श्री नीरज नैय्यर (3-चम्बा),** Will make special mention regarding "The existing structure, seniority and promotional rights of the Ministerial Cadre of Treasury Officers/Superintendent."

(2) **श्री दलीप ठाकुर (35-सरकाघाट),** HPRCA द्वारा JOA (IT) पोस्ट कोड 939 द्वारा चयनित प्रतीक्षारत पैनल के 12 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र न जारी करने बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

(3) **श्री विनोद सुल्तानपुरी (54-कसौली),** जिला प्रशासन द्वारा टैक्सी वाहन उपलब्धता हेतु आमंत्रित निविदा में L-1 सेवा प्रदाता को कार्य न दिए जाने बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

(4) **श्री सतपाल सिंह सत्ती (44-ऊना),** जल शक्ति विभाग में आउटसोर्स पर कार्यरत TSP एवं कम्पयूटर ऑपरेटरों के तीन माह के लंबित वेतन भुगतान कर नियमित एवं समयबद्ध वेतन सुनिश्चित करने बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

(5) **श्री बलबीर सिंह वर्मा (60-चौपाल),** कुपवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कार्य पूर्ण न होने बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

(6) **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (39-बड़सर),** सरकारी एवं निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड को ईलाज के दौरान स्वीकार न करना तथा लम्बित भुगतान बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

(7) **श्री दलीप ठाकुर (35-सरकाघाट),** विवाहित बेटियों के EWS आय प्रमाण-पत्र में माता-पिता की आय शामिल न करने बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

(8) **श्री बलबीर सिंह वर्मा (60-चौपाल),** राजकीय डिग्री कॉलेज, चौपाल के भवन निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करवाने बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

(9) **श्री दलीप ठाकुर (35-सरकाघाट),** भाषा अध्यापक (हिन्दी) के 3 प्रतिशत खेल कोटे के रिक्त पदों को भरने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

(10) **श्री नीरज नैय्यर (3-चम्बा),** ग्राम रोजगार सेवकों के लंबित चार माह के वेतन का भुगतान, सेवाओं का नियमित वेतनमान व पंचायत सचिवों के रिक्त पदों को एकमुश्त समायोजन सुनिश्चित करने बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

(11) **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (67-रोहड़ू),** सारस-खांगतेरी सड़क निर्माण में हो रही देरी व ठेकेदार को किए गए भुगतान बारे विशेष उल्लेख करेंगे।

**शिमला-171004** **(यशपाल शर्मा)**
**दिनांक: 02 सितम्बर, 2026** **सचिव।**

******

**(अनुपूरक कार्यसूची, यदि कोई हो, की भी जांच कर लें)**